भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3515

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटक स्थलों का समग्र विकास

†3515. श्री अरविंद धर्मापुरी:

श्री महेश कश्यप:

श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्थायी पर्यटन परियोजनाओं के लिए किसी योजना के तहत तेलंगाना के निजामाबाद, बासर, धर्मपुरी, कोंडागट्टू और वन-आधारित सर्किट सहित कम प्रसिद्ध आध्यात्मिक, पारिस्थितिकी, ग्रामीण और विरासत स्थलों को बढ़ावा देने के लिए चिह्नित किया गया है;

(ख) पर्यटन में विविधता लाने, अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर दबाव कम करने और स्थानीय रोजगार उत्पन्न करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, विशेषकर बस्तर लोक सभा क्षेत्र के चित्रकूट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, कुटुमसर गुफा, दंतेश्वरी मंदिर और अन्य प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं जनजातीय पर्यटन स्थलों में पर्यटन अवसंरचना, पारिस्थितिकी-पर्यटन, होमस्टे, स्थानीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किसी विशिष्ट योजना या परियोजना को लागू कर रही है;

(घ) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में एकीकृत पर्यटन अवसंरचना और गंतव्य विकास के लिए विशाखापत्तनम, अराकू-लम्बासिंगी, गंडीकोटा, पापीकोंडालु, अहोबिलम और बौद्ध विरासत सर्किट सहित उच्च क्षमता वाले लेकिन अपेक्षाकृत कम खोजे गए पर्यटन स्थलों की पहचान की है या उन्हें सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव रखा है; और

(ङ) यदि हाँ, तो ऐसे स्थलों के लिए स्वीकृत, कार्यान्वयन के अधीन या प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता कितनी है और अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): कम प्रसिद्ध स्थलों सहित पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे 'स्वदेश दर्शन (एसडी')', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0')', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन के तहत एक पहल और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक

विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' आदि के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे कम प्रसिद्ध स्थलों के विकास सहित अन्य परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास योजना' के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत राज्यों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की जांच के लिए तैयार किए गए मानदंडों में स्थल से संपर्क, स्थल/गंतव्य पर मौजूदा पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र, वहन क्षमता, जनसुविधा की उपलब्धता, परियोजना का प्रभाव और परिकल्पित वैल्यू शामिल हैं, जिनमें पर्यटकों की संख्या में संभावित वृद्धि, पर्यटक संबंधी व्यय में वृद्धि, रोजगार के नए अवसर आदि शामिल हैं, वैकल्पिक गंतव्यों को महत्व दिया गया जो प्रमुख गंतव्यों पर भीड़ को कम करने से संबंधित समाधान प्रदान करते हैं।

अधिक पर्यटकों वाले गंतव्यों पर भीड़भाड़ जैसी चुनौतियों का समाधान करने और पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने उपर्युक्त योजनाओं के तहत कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षालय, पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण, पर्यटक सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, पर्यटक सूचना केंद्र, अंतिम-छोर तक संपर्कता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, प्रदीप्तिकरण, स्वच्छता, सुविधा केंद्र, व्याख्या सुविधाएं आदि जैसे विभिन्न घटकों को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइटों और मेलों एवं प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी सहित विभिन्न माध्यमों से देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों, अर्थात इको-पर्यटन, होमस्टे, स्थानीय हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक पर्यटन आदि के संवर्धन सहित समग्र रूप से पर्यटन को बढ़ावा देता है।

आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद एवं एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

******

अनुबंध

श्री अरविंद धर्मापुरी, श्री महेश कश्यप और श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा पर्यटक स्थलों के समग्र विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3515 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(i) आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई, प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र. सं.	**अनुभव/परियोजना का नाम**	**श्रेणी/स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
	स्वदेश दर्शन		
1.	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	2014-15	67.83
2.	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	2015-16	49.55
3.	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	2017-18	35.24
	स्वदेश दर्शन 2.0		
1.	सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास	2024-2025	97.52
2.	अरक्कू में बोर्रा केव अनुभव	2023-2024	29.88
	सीबीडीडी		
1.	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	2024-2025/ संस्कृति एवं विरासत	25.00
2.	एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास	2024-2025/ आध्यात्मिक	25.00
	एसएएससीआई		
1.	गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन	2024-25	77.91
2.	राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट	2024-25	94.44
	प्रशाद		
1.	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	2015-16	27.77
2.	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
3.	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	2022-23	54.04
4.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	2024-25	25.33

(ii) छत्तीसगढ़ राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई, प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	अनुभव/परियोजना का नाम	श्रेणी/स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
स्वदेश दर्शन			
1.	जशपुर – कुनकुरी – मैनपाट – कमलेशपुर – महेशपुर – कुर्दार – सरोधदादर – गंगरेल – कोंडागांव – नाथियानवागांव – जगदलपुर – चित्रकूट - तीरथगढ़ का विकास	2015-16	96.10
स्वदेश दर्शन 2.0			
1.	भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा	2024-2025	146.00
सीबीडीडी			
1.	मायाली बगीचा का इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकास	2024-25/ इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	9.97
एसएएससीआई			
1.	रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	2024-25	95.79
2.	रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	2024-25	51.87
प्रशाद			
1.	डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास	2020-21	48.44

(iii) तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई, प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	अनुभव/परियोजना का नाम	श्रेणी/स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
स्वदेश दर्शन			
1.	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास	2015-16	91.62
2.	मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास	2016-17	79.87
3.	कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास	2017-18	96.90
स्वदेश दर्शन 2.0			
1.	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	2023-24	38.01
2.	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	2023-24	56.82

सीबीडीडी			
1.	बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास	2024-2025/ संस्कृति एवं विरासत	24.85
2.	निज़ाम सागर में इको-पर्यटन परियोजना का विकास	2024-2025/ इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	9.98
एसएसीआई			
1.	रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ	2024-25	73.74
2.	नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट	2024-25	68.10
प्रशाद			
1.	जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास	2020-21	38.90
2.	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	62.00
3.	भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2022-23	41.38
4.	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2024-25	4.22

******